हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 राजस्व प्रकरण सुधार शिविर में जनता के सवालों से रूबरू हुए कलेक्टर...



07 कूनो संघर्ष समिति ने ज्ञापन सौंपकर उठाए चीतों की सुरक्षा पर सवाल



खबर संक्षेप

मुनिसंघ के प्रवचन महावीर जिनालय शास्त्री वार्ड में आज

सागर। निर्यापक श्रमण श्री अभयसागर महाराज ससंघ का प्रवास 30 अक्टूबर शुक्रवार को भाग्योदय रोड स्थित शास्त्री वार्ड महावीर जिनालय में रहेगा। मुकेश जैन ढाना ने बताया कि प्रातः 7.30 बजे भाग्योदय तीर्थ से विहार कर महावीर जिनालय पहुंचेंगे। सुबह 8:45 बजे आचार्य श्रीजी की पूजन,9 बजे से प्रवचन और 10 बजे आहारचर्या होगी। विद्योदय तीर्थ क्षेत्र (25 एकड़) में 28 नवंबर से होने वाले समवशरण विधान में अब तक 130 से अधिक समवशरण मंडल श्रद्धालुओं ने आरक्षित कर लिए हैं। मुनि संघ का अब तक 20 से अधिक जैन मंदिरों में प्रवास हो चुका है।

पुस्तक निसर्ग गाथा का विमोचन रविवार को

सागर। वरिष्ठ लेखिका सुश्री संध्या सरवटे द्वारा छाया चित्रों पर लिखित पुस्तक निसर्ग गाथा का विमोचन एवं चर्चा का आयोजन दिनांक 1 नवम्बर रविवार को दोपहर 2.00 बजे से आदर्श संगीत महाविद्यालय में श्यामलम द्वारा शासकीय कन्या महाविद्यालय बीना की पूर्व प्राध्यापक डॉ संध्या टिकेकर के मुख्य आतिथ्य व वरिष्ठ साहित्यकार प्रलेस सागर के अध्यक्ष टी आर त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में किया जायेगा। सुप्रसिद्ध लेखिका डॉ. सुश्री शरद सिंह कार्यक्रम में सारस्वत अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर के प्राध्यापक डॉ.अमर कुमार जैन कार्यक्रम का संचालन करेंगे। आयोजक संस्था श्यामलम द्वारा सभी प्रबुद्ध नागरिकों से इस अवसर पर उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

मालथौन में जनसंवाद एवं समस्या निवारण शिविर आज

सागर। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत आमजन की शिकायतों के त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लोक सेवाओं के समय-सीमा में प्रदाय हेतु 30 अक्टूबर को जनपद पंचायत मालथौन स्थित मंडी परिसर मालथौन में जनसंवाद कार्यक्रम एवं समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में जिला एवं ब्लॉक स्तर के समस्त अधिकारी मौजूद रहेंगे और प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। नागरिक अपनी शिकायतें व सुझाव सीधे अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एकता दौड़ का आयोजन 31 अक्टूबर को

सागर। सरदार श्री वल्लभभाई पटेल के 151वें जन्मोत्सव दिनांक 31 अक्टूबर को पूरे देश में एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य पर प्रभारी कलेक्टर जगदीश कुमार गोमे ने एकता दौड़ (रन फॉर यूनिटी) की तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देशित किया कि एकता दौड़ (रन फॉर यूनिटी) का आयोजन 31 अक्टूबर को प्रातः 7.30 बजे से किया जाए। इस दौड़ में शामिल होने के लिए अधिक से अधिक युवा खिलाड़ी, नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्य, स्कूल-कॉलेज के बच्चे, एनसीसी, एनएसएस कैडेट्स, सृजन समूह की बालिकाएं, अभिमन्यु सामुदायिक पुलिस के बालक, पुलिसकर्मी एवं विसबल वाहिनियों के पुलिसकर्मी अधिक से अधिक मात्रा में भाग लेंगे। इस दौड़ का रूट लगभग 03 किलोमीटर रखा जाए तथा तय किए गए रूट पर प्रतिभागियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए साथ ही रूट को नो व्हीकल जोन बनाया जाए। इसके अतिरिक्त मेडिकल सुविधा, फर्स्ट एड बॉक्स और एंबुलेंस की व्यवस्था भी की जाए।

सागर में 470 एनसीसी कैडेट्स ले रहे संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट, फायरिंग और ड्रिल सहित विभिन्न सैन्य गतिविधियों का दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

33 म.प्र. बटालियन एनसीसी, सागर द्वारा एस.वी.एन. कॉलेज में 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (भाग-177) का आयोजन 24 अक्टूबर से 02 नवंबर तक किया जा रहा है। शिविर में मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों के शासकीय आईटीआई संस्थानों के सीनियर डिवीजन एनसीसी कैडेट्स के साथ केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 सागर, उत्कर्ष पब्लिक स्कूल एवं एम.आर.पी.एस. स्कूल सागर के कुल 470 कैडेट्स भाग ले रहे हैं।

शिविर में कैडेट्स को मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, फायरिंग, ड्रिल और पीटी सहित विभिन्न सैन्य गतिविधियों का सघन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही समाज सेवा, सेना के शौर्य, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और देश सेवा के मूल्यों के विकास के लिए विशेष मार्गदर्शन भी प्रदान किया जा रहा



है। शिविर के प्रारंभिक समारोह को संबोधित करते हुए कैंप कमांडेंट कर्नल आर. एस. राजीव (सेना मेडल) ने कहा कि एनसीसी की वर्दी धारण करने के बाद युवाओं में अतिरिक्त योग्यता और क्षमता का विकास होता है। यह वर्दी उनमें देशभक्ति, चरित्र निर्माण और निःस्वार्थ सेवा की भावना विकसित कर उन्हें उत्कृष्ट नागरिक बनने के लिए प्रेरित करती है। शिविर के दौरान प्राप्त प्रशिक्षण कैडेट्स को जीवनभर याद रहता है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार वर्तमान में एनसीसी का दायरा बढ़ा रही है, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को इसका लाभ मिल सके।

डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल पुष्पा जोशी ने बताया कि शिविर में कैडेट्स को आरडी परेड और फ्लैग एरिया के लिए तैयार किया जा रहा है।शिविर के दौरान एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, सागर के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर सुजीत उपाध्याय ने शिविर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने 'संकल्प वृक्ष' कार्यक्रम के अंतर्गत आम के पौधे का रोपण किया। साथ ही, 'संकल्प वृक्ष' कार्यक्रम के लिए भोपाल जाने वाले 13 चयनित कैडेट्स के लिए फ्लैग सेरेमनी का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर सूबेदार मेजर अश्विनी कुमार (एसएम), कैप्टन आर. एस. राठौर, लेफ्टिनेंट प्रदीप पाठक, सूबेदार गगन कुमार, नायब सूबेदार पाटिल ताना जी सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए सह-एनसीसी अधिकारी एवं पीआई स्टाफ उपस्थित रहे।

गल्ला दुकान पर खड़े ट्रैक्टर को देख मक्का खरीदी की जांच करने पहुंचे एसडीएम

देवरीकलां। देवरी नगर के माणिकचंद तिराहे स्थित गल्ला व्यापारी की दुकान पर मक्का से भरा ट्रैक्टर खड़ा देख प्रशासनिक अमला जांच के लिए पहुंचा। एसडीएम मुनव्वर खान, नायब तहसीलदार चंद्रभान दीवान एवं कृषि उपज मंडी के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर मक्का की खरीदी के संबंध में जानकारी ली। जानकारी के अनुसार, एसडीएम मुनव्वर खान ने बताया कि वे नियमित निरीक्षण के दौरान संबंधित गल्ला व्यापारी खेमचंद दरवारी लाल की दुकान पर पहुंचे थे। वहां मक्का विक्रय के लिए एक ट्रैक्टर खड़ा मिला। पूछताछ के दौरान किसान ने बताया कि वह अपना मक्का मंडी में नहीं ले गया था। वहीं, व्यापारी से जानकारी लेने पर पता चला कि उक्त मक्का मंडी से नहीं खरीदा गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने कृषि उपज मंडी के दल को व्यापारी के स्टॉक का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। मंडी दल यह जांच करेगा कि दुकान पर मौजूद मक्का मंडी के माध्यम से खरीदा गया है या सीधे किसानों से खरीदी की गई है। एसडीएम मुनव्वर खान ने बताया कि स्टॉक की जांच के बाद यदि किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है, तो संबंधित व्यापारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।





मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की तैयारियों के संबंध में प्रभारी कलेक्टर गोमे ने ली समीक्षा बैठक

सागर। 01 नवम्बर को मध्यप्रदेश राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह के आयोजन के संबंध में प्रभारी कलेक्टर जगदीश कुमार गोमे द्वारा समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। प्रभारी कलेक्टर गोमे ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित जिले के उत्कृष्ट कार्यों से संबंधित गौरवशाली व्यक्तियों, स्वतंत्रता सेनानियों, मीसाबंदियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि समारोह में एक जिला एक उत्पाद सहित कृषि के अन्य उत्पादों का प्रदर्शन किया जाए और जिले के उत्कृष्ट कार्यों से संबंधित प्रदर्शनी लगाई जाए। बैठक में निर्देश दिए गए कि दिनांक 01 नवम्बर की रात्रि में जिला मुख्यालय सहित सभी शासकीय भवनों पर प्रकाश व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। समारोह में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाए।

रहली के वृंदावन ग्राम 'ताल सेमरा' में 31 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी दुग्ध प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

विकासखंड रहली के नवचयनित वृंदावन ग्राम ताल सेमरा में 31 अक्टूबर तक 'गोपाल कृष्ण पुरस्कार योजना' के तहत दुग्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना और देसी नस्ल की गायों के संरक्षण व संवर्धन के प्रति पशुपालकों को जागरूक करना है।

आकर्षक पुरस्कार राशि

योजना की जानकारी देते हुए डॉ. नीरज ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता में सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन करने वाली देसी गायों के पशुपालकों को राज्य शासन द्वारा आकर्षक पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगाः प्रथम पुरस्कार 1 लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रुपये, तृतीय पुरस्कार 25 हजार रुपये।

डॉ. नीरज ठाकुर ने बताया कि शासन द्वारा संचालित इस योजना के प्रमुख उद्देश्य प्रदेश में दूध के उत्पादन को तेजी से बढ़ाना, अधिक दूध देने वाली गायों के पालकों को आर्थिक व सामाजिक रूप से प्रोत्साहित करना एवं श्रेष्ठ एवं उच्च दुग्ध क्षमता वाली गायों की पहचान करना।इस योजना से पशुपालकों के बीच वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होगी और गिर, साहीवाल, थारपारकर एवं अन्य अधिसूचित उन्नत स्वदेशी (देसी) नस्लों के पालन-पोषण और नस्ल सुधार को बढ़ावा मिलेगा

आगामी वर्षों में क्रियान्वयन की जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रथम वर्षः प्रदेश के 208 ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में चयनित 208 'वृंदावन ग्रामों' में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

द्वितीय वर्ष (2026-27 से 2030-31 तक): योजना का विस्तार करते हुए प्रदेश के सभी 313 विकासखंडों में ब्लॉक स्तर पर इस प्रतियोगिता का आयोजन निरंतर किया जाएगा।

कौन ले सकता है भाग?

इस प्रतियोगिता में चयनित वृंदावन ग्राम एवं संबंधित विकासखंड के समस्त गांवों के पशुपालक अपनी उन्नत देसी नस्ल की गायों के साथ भाग ले सकते हैं। आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त पशुपालकों से इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

देवरी और रहली क्षेत्र में आबकारी विभाग की कार्रवाई, आठ प्रकरण दर्ज

सागर। मध्यप्रदेश आबकारी आयुक्त के निर्देशानुसार अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत जिला आबकारी विभाग सागर द्वारा वृत्त देवरी एवं वृत्त रहली क्षेत्र में संयुक्त कार्रवाई की गई। सहायक आबकारी आयुक्त वंदना पांडेय के आदेशानुसार वृत्त प्रभारी सुश्री मोनिका चंदेल एवं आबकारी अमले के संयुक्त दल ने ग्राम समनापुर, महाराजपुर एवं छिरारी में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) एवं 34(1)(च) के अंतर्गत कुल 8 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। कार्रवाई में 6.5 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची मदिरा एवं 720 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। बरामद लाहन का नमूना लेकर शेष लाहन को मौके पर विधिवत नष्ट किया गया। अवैध मदिरा एवं मदिरा निर्माण सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 73,300 रुपये आंकी गई है। प्रकरणों में तीन आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। शेष प्रकरणों में विवेचना जारी है तथा संबंधित आरोपियों की तलाश की जा रही है।

देवरी में बदला मौसम का मिजाज, ठंडी हवाओं से बढ़ी ठिठुरन, किसानों की जागी उम्मीद

बारिश हुई तो फसलों को होगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

गुरुवार को अचानक मौसम ने करवट ली। हल्की बौछारों के साथ कुछ देर हुई बारिश और इसके बाद चली ठंडी हवाओं ने मौसम को खुशनुमा बना दिया। पूरे दिन आसमान में काले घने बादल छाए रहे। नवंबर माह की शुरुआत में ही जनवरी जैसी कड़ाके की ठंड का एहसास होने लगा। मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को ठंड का अहसास हुआ, वहीं वातावरण में भी ठंडक घुल गई।

क्षेत्र में इस बार कम बारिश होने के कारण किसान पहले से ही सिंचाई को लेकर चिंतित हैं। वहीं, अघोषित बिजली कटौती के चलते बिजली से संचालित सिंचाई उपकरणों का उपयोग भी प्रभावित हो रहा है। समय पर बिजली नहीं मिलने से किसानों को फसलों की सिंचाई करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में मौसम में आए बदलाव और आसमान में छाए घने बादलों को देखकर किसानों के चेहरों पर उम्मीद की किरण नजर आने लगी है। किसानों को उम्मीद है कि यदि आने वाले समय में अच्छी बारिश होती है, तो फसलों को इसका लाभ मिल सकता है और सिंचाई की समस्या से भी कुछ राहत मिलेगी। गुरुवार को बदले मौसम ने जहां आमजन को खुशनुमा माहौल का अहसास कराया, वहीं किसानों के मन में भी बारिश को लेकर नई उम्मीद जगा दी है। अब किसानों की निगाहें आसमान पर टिकी हैं अच्छी बारिश की आस लगाए हुए हैं।

आज की सशक्त स्त्री को पुरुषों के अप्रूवल की जरूरत नहीं है : प्रो. रश्मि



सागर। डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के भाषा अध्ययनशाला द्वारा लिटरेरी फ्यूचर्स नाउ के तहत संस्कृत साहित्य में अभिनव विमर्श विषय पर तृतीय व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्तव्य देते हुए संस्कृत विभाग के डॉ. रामहेत गौतम ने कहा कि संस्कृत साहित्य भारतीय ज्ञान परम्परा का साहित्य है जिसमें हाशिए के समाज के दलित, स्त्री, आदिवासी और किन्नरों के ऊपर व्यापक रूप से लिखा गया है। उन्होंने संस्कृत के उदाहरणों के साथ अपनी बात रखी। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्रो. रश्मि सिंह ने सिनेमा और साहित्य से उदाहरण देते हुए कहा कि आज की स्त्री को किसी पुरुष के अप्रूवल की जरूरत नहीं है। आज की स्त्री सशक्त है। उसने अपनी मेहनत से अपनी पहचान निर्मित की है। कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रो. राजेंद्र यादव ने दिया। विषय प्रस्तावना कार्यक्रम के संयोजक डॉ. हिमांशु कबीर ने प्रस्तुत की । डॉ. अरविंद कुमार ने संचालन किया और डॉ. अभिज्ञान द्विवेदी ने सबका आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में बड़ी मात्रा में भाषा अध्ययनशाला के शोधार्थी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

मालथौन ब्लॉक की 5 प्राथमिक शालाओं के नवीन भवन निर्माण हेतु 67.74 लाख की स्वीकृति



सागर।खुरई विधानसभा क्षेत्र के मालथौन विकास खण्ड में पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह के प्रयासों से राज्य शिक्षा केंद्र के समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत 5 प्राथमिक स्कूल भवनों के जीर्ण-शीर्ण भवनों के स्थान पर नवीन भवन निर्माण हेतु 67.74 लाख की स्वीकृति जारी की गई है। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा प्राथमिक कन्या विद्यालय, मालथौन के नवीन भवन निर्माण हेतु 25.30 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। चार अन्य प्राथमिक विद्यालयों के नवीन भवन निर्माण कार्य हेतु प्रत्येक को 10.91 लाख स्वीकृत किए गए हैं, इनमें मालथौन विकासखण्ड के प्राथमिक शाला पड़रिया, प्राथमिक शाला पतराज, प्राथमिक शाला बिसराहा तथा प्राथमिक शाला ढड़ली के भवन निर्माण कार्य शामिल हैं।

फसल मुआवजा, केसली को सूखाग्रस्त घोषित करने, पर्याप्त डीएपी खाद की उठाई मांग

कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शनः किसानों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं केसली में हर्ष यादव की अगुवाई में हजारों किसान सड़कों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलां

देवरी विधानसभा क्षेत्र के केसली ब्लाक में किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर गुरुवार को केसली में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में पूर्व कैबिनेट मंत्री हर्ष यादव की अगुवाई में जोरदार प्रदर्शन किया गया। रानी दुर्गावती चौराहे पर सैकड़ों किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए। यहां से नगर के प्रमुख मार्गों पर रैली निकालकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। इसके बाद तहसील मुख्यालय पहुंचकर किसानों की समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), केसली को महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया कि विकासखंड केसली में अल्पवर्षा के कारण खरीफ फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। फसलें नष्ट होने से किसानों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है। कांग्रेस ने मांग की कि केसली विकासखंड को तत्काल सूखाग्रस्त घोषित किया जाए तथा प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा और शासन की राहत योजनाओं का लाभ दिया जाए।

पूर्व मंत्री हर्ष यादव ने कहा कि वर्तमान



रबी सीजन में देवरी विधानसभा क्षेत्र के किसान डीएपी खाद की भारी कमी से जूझ रहे हैं। ऑनलाइन टोकन बुकिंग व्यवस्था सुचारू रूप से काम नहीं करने के कारण किसानों को खाद प्राप्त करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में लहसुन, प्याज, टमाटर सहित विभिन्न उद्यानिकी फसलों का व्यापक रकबा है। समय पर खाद नहीं मिलने से बोनी और रोपाई का कार्य प्रभावित हो रहा है। कांग्रेस ने क्षेत्र में पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने और टोकन व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की।

बिजली कटौती और खराब ट्रांसफार्मरों पर जताई नाराजगी

ज्ञापन में कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्ध नहीं होने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। कांग्रेस ने कहा कि मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली कटौती होने और खराब ट्रांसफार्मरों को समय पर नहीं बदले जाने से किसानों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। रबी सीजन को देखते हुए निर्धारित समय पर पर्याप्त एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा खराब ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदलने की मांग की गई।

नहरों की मरम्मत नहीं होने से सिंचाई प्रभावित

देवरी विधानसभा क्षेत्र के अनेक जलाशयों की नहरें क्षतिग्रस्त होने और उनकी समय पर साफ-सफाई एवं मरम्मत नहीं होने का मुद्दा भी ज्ञापन में उठाया गया। कांग्रेस ने संबंधित विभागों को निर्देशित कर नहरों की मरम्मत और साफ-सफाई का कार्य शीघ्र पूरा कराने की मांग की, ताकि किसानों के खेतों तक सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी पहुंच सके। पूर्व मंत्री हर्ष यादव ने कहा कि देवरी विधानसभा क्षेत्र के किसान एक साथ कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। अल्पवर्षा से फसलें प्रभावित हुई हैं, खाद के लिए किसानों को परेशान होना पड़ रहा है और पर्याप्त बिजली व सिंचाई व्यवस्था नहीं होने से कृषि कार्य बाधित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार देवरी विधानसभा क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है, जिसका सीधा नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है।



औद्योगिक भ्रमण से विद्यार्थियों ने सीखी व्यावहारिक शिक्षा, साइबर सुरक्षा की भी मिली जानकारी

देवरीकलां । शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमुनिया चिखली के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत शारीरिक शिक्षा एवं खेल तथा हेल्थ केयर विषयों के तहत औद्योगिक भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर से विद्यार्थियों के दल को हरी झंडी दिखाकर बस के माध्यम से भ्रमण के लिए रवाना किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को बीनाजी में स्थित शांति धारा दुग्ध उत्पादक इकाई एवं हथकरघा उद्योग का अवलोकन कराया गया। विद्यार्थियों ने दुग्ध उत्पादन एवं हथकरघा उद्योग की कार्यप्रणाली को समझा तथा विभिन्न गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने बिना जी मंदिर के दर्शन किए। औद्योगिक भ्रमण के अगले चरण में विद्यार्थियों को देवरी पुलिस थाना ले जाया गया, जहां पुलिस अधिकारियों द्वारा साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव तथा इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों को पुलिस की कार्यप्रणाली एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भूमिका से भी अवगत कराया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण में कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के कुल 62 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना, व्यावसायिक गतिविधियों से परिचित कराना तथा उनमें साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। संपूर्ण कार्यक्रम विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य भरत सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

खबर संक्षेप

मध्यस्थता अभियान 3.0 निस्तारित होंगे लंबित मुकदमे

ललितपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वावधान में देशभर में राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 3.0 संचालित किया जा रहा है।



इसका उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों का अधिकाधिक संख्या में सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारण कराना तथा आमजन को सस्ता, सरल और त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष राजीव कुमार-तृतीय के दिशा-निर्देशन में जनपद न्यायालय में भी अभियान के तहत कार्यवाही की जा रही है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव देवप्रिय सारस्वत ने बताया कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा 1 अगस्त से 30 दिसंबर तक राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 3.0 शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित उपयुक्त मामलों को मध्यस्थता के लिए संदर्भित करने के संबंध में सभी न्यायालयों को पत्र भेजे गए हैं, ताकि अधिक से अधिक वादकारी इस पहल का लाभ उठा सकें। मध्यस्थता के जरिए पक्षकार आपसी बातचीत और सहमति से विवाद का समाधान कर सकते हैं। सचिव ने बताया कि मध्यस्थता प्रक्रिया से विवादों का शीघ्र और सौहार्दपूर्ण समाधान संभव है। इससे न्यायालयों में लंबित मामलों का बोझ कम करने में भी मदद मिलती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आमजन से अपील की है कि वे अपने विवादों के समाधान के लिए राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 3.0 का लाभ उठाएं और सुलह-समझौते के माध्यम से मामलों का निस्तारण कराने की पहल करें।

फर्जी खतौनी दिखाकर 13 लाख की धोखाधड़ी का आरोप

ललितपुर। जमीन की खरीद-फरोख्त में कथित धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक व्यक्ति ने कूटरचित खतौनी दिखाकर खुद को पूरी जमीन का मालिक बताया और पहलवान गुरुदीन ग्रुप ऑफ कॉलेज के प्रबंध निदेशक से 13 लाख रुपये लेकर जमीन का बेनामा करा दिया। बाद में नामांतरण की प्रक्रिया के दौरान पता चला कि संबंधित गाटा संख्या की आधी जमीन आरोपी की मां के नाम दर्ज है। शिकायत पर न्यायालय के आदेश के बाद कोतवाली पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। ग्राम पनारी निवासी सौरभ यादव पुत्र डॉ. पारस नाथ यादव, जो पहलवान गुरुदीन ग्रुप ऑफ कॉलेज के प्रबंध निदेशक हैं, ने शिकायत में बताया कि मार्च 2019 में मऊरानीपुर, जनपद झांसी निवासी राजेंद्र कुमार पुत्र स्व. मनीशंकर उनके पास आया था। आरोप है कि राजेंद्र ने ग्राम मऊमाफी, तहसील एवं जिला ललितपुर स्थित गाटा संख्या 297/3 की कुल 2.752 हेक्टेयर भूमि, यानी करीब 6.80 एकड़, का स्वयं को एकमात्र स्वामी और काबिज बताते हुए घरेलू आवश्यकता के लिए जमीन बेचने की इच्छा जताई। राजेंद्र कुमार ने जमीन के स्वामित्व के प्रमाण के तौर पर खतौनी की एक नकल दिखाई। आरोप है कि दस्तावेज पर विश्वास करके पहलवान गुरुदीन स्मारक शिक्षण सेवा संस्था के नाम जमीन का सौदा तय कर लिया गया। इसके बाद 12 अप्रैल 2019 को उपनिबंधक कार्यालय में जमीन का पंजीकृत बेनामा कराया गया। बताया गया है कि सौदे के एवज में पंजाब नेशनल बैंक की विकास भवन शाखा, ललितपुर के माध्यम से पांच लाख और आठ लाख रुपये के दो चेक दिए गए। इस प्रकार कुल 13 लाख रुपये का भुगतान किया गया। आरोप है कि बाद में राजेंद्र कुमार ने आठ लाख रुपये का चेक खो जाने की बात कहकर शिकायतकर्ता से दोबारा आठ लाख रुपये नकद भी ले लिए। जब वह जमीन के नामांतरण के लिए लेखपाल के पास पहुंचे, तब भूमि के वास्तविक स्वामित्व की जानकारी सामने आई। लेखपाल ने बताया कि गाटा संख्या 297/3 में राजेंद्र कुमार के नाम 1.376 हेक्टेयर यानी करीब 3.40 एकड़ जमीन दर्ज है। शेष 1.376 हेक्टेयर भूमि उनकी मां उर्मिला के नाम दर्ज है।

खाद की चिंता से लेकर जमीन के नामांतरण तक समस्याओं का बताया समाधान

राजस्व प्रकरण सुधार शिविर में जनता के सवालों से रूबरू हुए कलेक्टर श्रोत्रिय

किसानों ने बेबाकी से पूछे सवाल, कलेक्टर ने समझाई ई-विकास पोर्टल की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जनता की समस्याओं को सुनना, उनके सवालों का जवाब देना और समाधान का रास्ता बताना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इसी दिशा में खरगापुर में आयोजित विशेष राजस्व प्रकरण सुधार शिविर में आमजन और किसानों से कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय सीधे रूबरू हुए। खरगापुर तहसील परिसर में आयोजित शिविर में जहां नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन जैसे राजस्व मामलों की सुनवाई की गई, वहीं किसानों ने खाद की उपलब्धता, ऑनलाइन बुकिंग, फार्मर आईडी और जमीन के रिकॉर्ड से जुड़ी व्यावहारिक परेशानियां भी कलेक्टर श्रोत्रिय के सामने रखीं। कलेक्टर श्रोत्रिय ने प्रत्येक सवाल का जवाब देते हुए संबंधित प्रक्रिया समझाई और उपलब्ध विकल्पों की जानकारी दी।

शिविर में पूर्व से प्राप्त नामांतरण के 152 प्रकरणों का निराकरण कर संबंधित हितग्राहियों को आदेश वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकरणों से संबंधित लगभग 35 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कुछ का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष प्रकरणों में आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर नियमानुसार परीक्षण एवं अभिलेख सुधार की कार्रवाई करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान किसानों ने सीधे सवाल पूछकर अपनी समस्याएं रखीं। एक किसान ने पूछा कि जमीन दादाजी के नाम पर दर्ज है और उनकी मृत्यु हो चुकी है, तो खाद कैसे मिलेगी। इस पर कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि किसान की मृत्यु होने से खाद प्राप्त करने का अधिकार समाप्त नहीं होता। उत्तराधिकारी ई-विकास पोर्टल पर मृत किसान से संबंधित विकल्प में आवेदन कर सकते हैं। ऐसे मामलों में अनुमति के लिए प्रकरण तहसीलदार के पास पहुंचता है और निर्धारित प्रक्रिया के तहत 24 घंटे में अनुमति देने की बात कही गई। इसी तरह फार्मर आईडी नहीं होने की समस्या पर उन्होंने बताया कि किसान पोर्टल पर संबंधित विकल्प के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। ऐसे मामलों में भी अनुमति की प्रक्रिया तहसीलदार के स्तर पर पूरी की जाएगी।

शिविर में एक अन्य किसान ने सवाल किया कि जमीन उनके वृद्ध दादाजी के नाम पर है और उम्र अधिक होने के कारण वे खाद लेने केंद्र तक नहीं जा सकते। कलेक्टर श्रोत्रिय ने समझाया कि ऐसे मामलों में किसान किसी व्यक्ति को अधिकृत कर सकते हैं। इसके लिए पोर्टल पर अक्षम अथवा अतिवृद्ध किसान से संबंधित विकल्प के माध्यम से बुकिंग की जा सकती है। वहीं, आधा एकड़ जमीन वाले किसानों की चिंता पर उन्होंने स्पष्ट किया कि छोटा भू-खंड होने मात्र से किसान की पात्रता समाप्त नहीं होती। किसानों ने बताया कि जब तक वे पोर्टल पर खाद की मांग दर्ज करने की कोशिश करते हैं, तब तक डीएपी का स्टॉक समाप्त हो जाता है। इस पर कलेक्टर श्रोत्रिय ने किसानों को डीएपी के अलावा अन्य उर्वरकों की उपलब्धता और उपयोगिता समझाई। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में किसान फास्फोरस उर्वरक के लिए केवल डीएपी का विकल्प चुन रहे हैं, जबकि टीएसपी और एनपीके जैसे विकल्प भी उपलब्ध हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे केवल डीएपी पर निर्भर न रहें, बल्कि फसल की आवश्यकता और कृषि विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार उपलब्ध उर्वरकों के विकल्पों पर भी विचार करें। एक किसान ने मोहनगढ़ में अगले दिन खाद मिलने की जानकारी मांगी। इस पर कलेक्टर श्रोत्रिय ने स्पष्ट किया कि सहकारी समिति से जुड़े किसानों को उनकी संबंधित समिति के माध्यम से खाद मिलेगी, जबकि अन्य किसान उपलब्धता के अनुसार मार्कफेड के गोदाम, मार्केटिंग सोसाइटी अथवा निजी विक्रेता से खाद प्राप्त करने का विकल्प चुन सकते हैं। उन्होंने किसानों को बुकिंग के दौरान खाद प्राप्त करने के केंद्र का सही चयन करने की जानकारी दी, ताकि उन्हें वितरण के समय अनावश्यक परेशानी न हो।

अधिकारियों को दिया आवेदन, कार्रवाई की मांग

शराब के नशे में आंगनबाड़ी पहुंचकर अभद्रता व जान से मारने की धमकी देने का आरोप



टीकमगढ़। बच्चों और महिलाओं के पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले आंगनबाड़ी केंद्र में यदि कार्यकर्ता को ही असुरक्षा के माहौल में काम करना पड़े, तो व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। जिले के बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम प्रेमपुरा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ कथित गाली-गलौज, अभद्र व्यवहार और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रामसखी रजक ने गांव के सुरेंद्र उर्फ गाड़े यादव पर शराब के नशे में केंद्र पहुंचकर हंगामा करने, धमकी देने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। इतना ही नहीं, कार्यकर्ता ने रास्ते में मोटरसाइकिल से टक्कर मारकर गिराने की कोशिश किए जाने का भी आरोप लगाया है। मामले को लेकर उन्होंने बल्देवगढ़ थाना प्रभारी और जिला महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रामसखी का कहना है कि उन्होंने घटना के दौरान दो बार डायल 112 पर सूचना दी, लेकिन मौके पर पुलिस सहायता नहीं मिली।

पुलिस को आवेदन देकर बताई आपबीती

पीड़ित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रामसखी रजक ग्राम प्रेमपुरा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर पदस्थ हैं। ल्देवगढ़ थाना प्रभारी को दिए आवेदन में बताया गया कि 29 सितंबर को सुरेंद्र उर्फ गाड़े यादव कथित रूप से शराब के नशे में आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि उसने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रामसखी को धमकाया और अभद्रता की। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रामसखी के अनुसार घटना के समय नारायण यादव, रोहित यादव और संध्या यादव सहित खाना बांटने वाले कुछ लोगों ने घटना देखी। पीड़ित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रामसखी ने घटना का वीडियो भी अपने पास होने की बात कही है। इस संबंध में बल्देवगढ़ थाना प्रभारी जितेंद्र यादव का कहना है आवेदन तो आया है, लेकिन आवेदन देने के बाद फरियादी नहीं आया। अब वीडियो वायरल होने पर हमने आरोपी व आवेदक महिला दोनों को बुलाया है। महिला के बयान के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

रास्ते में बाइक से टक्कर मारने की कोशिश का आरोप

रामसखी ने आवेदन में 4 अक्टूबर की एक अन्य घटना का भी उल्लेख किया गया है। रामसखी रजक के अनुसार, शाम करीब पांच बजे वह शासकीय हैंडपंप से पानी भरकर अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान सुरेंद्र उर्फ गाड़े यादव मोटरसाइकिल से आया और कथित तौर पर उन्हें कट मार दिया। रामसखी का कहना है कि मोटरसाइकिल की टक्कर से वह गिरते-गिरते बचीं। आरोप है कि इसके बाद भी संबंधित व्यक्ति गाली-गलौज करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी देता रहा। पीड़ित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रामसखी ने आवेदन में आशंका जताई है कि भविष्य में उनके साथ कोई गंभीर घटना हो सकती है।

हादसे में पैर फ्रैक्चर, पुलिस ने ट्रैक्टर और चालक को लिया कब्जे में

लापरवाही में ट्रैक्टर का पहिया बच्ची के पैर पर चढ़ा, घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



शहर के व्यस्त अस्पताल चौराहे पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां मां के साथ सड़क से गुजर रही एक बच्ची ट्रैक्टर की चपेट में आ गई। ट्रैक्टर का अगला पहिया बच्ची के पैर पर चढ़ गया, जिससे उसका पैर फ्रैक्चर हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। वहां मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल बच्ची को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 8 से 9 बजे के बीच वार्ड नंबर 13 निवासी यूरोश फातिमा अपनी मां तसलीम के साथ अस्पताल चौराहे से गुजर रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने बच्ची को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रैक्टर का अगला पहिया उसके पैर पर चढ़ गया। अचानक हुए हादसे से मां घबरा गई और मौके पर मौजूद लोग बच्ची की मदद के लिए आगे आए। लोगों ने बिना देर किए उसे अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद जब ट्रैक्टर चालक से हादसे के संबंध में पूछताछ की गई, तो उसने बताया कि वह ट्रैक्टर चलाते समय दूसरी तरफ देखने लगा था। इसी दौरान ट्रैक्टर का पहिया बच्ची के पैर पर चढ़ गया। चालक के इस कथन से वाहन चलाते समय ध्यान भटकने और सड़क पर पर्याप्त सतर्कता नहीं बरतने का मामला सामने आया है। ट्रैक्टर चालक ने अपना नाम कपिल सिंह बताया है। वह गुदनवारा क्षेत्र से ट्रैक्टर लेकर आ रहा था। ट्रैक्टर के मालिक का नाम राजवेंद्र सिंह निवासी ग्राम गुदनवारा बताया गया है। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर सहित चालक को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अस्पताल चौराहे पर हुई इस घटना में एक बच्ची घायल हुई है, जिसका अस्पताल में उपचार जारी है। अब पुलिस की जांच में हादसे की परिस्थितियों और चालक की भूमिका से जुड़े तथ्यों की पड़ताल की जाएगी। वहीं, घटना ने यह सवाल भी खड़ा कर दिया है कि शहर के व्यस्त चौराहों पर भारी वाहनों को किस तरह नवयुवकों द्वारा लापरवाही में दौड़ाया जा रहा है।

मछुआरों के लिए पहलः जमड़ार नदी में बढ़ेगी मछलियों की आबादी

कुंडेश्वर घाट पर रोहू, कतला व मृगल के उन्नत मत्स्यबीज का संचयन, मिलेंगे रोजगार के अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जिले में मत्स्य उत्पादन बढ़ाने और स्थानीय मछुआरों की आजीविका को मजबूत बनाने के उद्देश्य से मत्स्य विभाग द्वारा महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के मार्गदर्शन में मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग ने नदी मत्स्य समूह कार्यक्रम के अंतर्गत जामड़ार नदी के कुण्डेश्वर घाट पर उन्नत मत्स्यबीज का संचयन किया। इस पहल का उद्देश्य नदी में मछलियों की आबादी बढ़ाने के साथ जलीय पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बनाए रखना और भविष्य में मत्स्य उत्पादन के बेहतर अवसर तैयार करना है। कार्यक्रम के तहत जामड़ार नदी में रोहू, कतला और मृगल जैसी प्रमुख मछली प्रजातियों के उच्च गुणवत्ता वाले मत्स्यबीज संचयित किए गए।

विभाग की इस पहल से नदी में मछलियों की संख्या बढ़ने और आने वाले समय में मत्स्य उत्पादन में वृद्धि होने की संभावना है। इससे स्थानीय मछुआरों को मछली पकड़ने और मत्स्य पालन से जुड़े कार्यों के माध्यम से रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकेंगे। साथ ही उनकी आय में वृद्धि की संभावनाएं भी मजबूत होंगी।

जिले में नदियों और जलाशयों में मत्स्य संसाधनों का विकास स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन सकता है। प्राकृतिक जलस्रोतों में मछलियों की उपलब्धता बढ़ने से मछुआरा समुदाय को आजीविका के लिए बेहतर अवसर मिल सकते हैं। इसी उद्देश्य से नदी मत्स्य समूह कार्यक्रम के अंतर्गत मत्स्यबीज संचयन की पहल की गई है। इससे प्राकृतिक जलस्रोतों में मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ जलीय संसाधनों के संरक्षण में भी मदद मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विशाल धाकड़, सहायक संचालक मत्स्योद्योग मेधा गुप्ता, ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव, सहायक मत्स्य अधिकारी तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। विभाग की इस पहल से जिले में मत्स्य पालन को प्रोत्साहन मिलने और स्थानीय मछुआरों की आर्थिक स्थिति मजबूत होने की उम्मीद जताई जा रही है।

दुष्कर्म के मामले में 10 वर्ष का सश्रम कारावास, 14,500 रुपए जुर्माना भी

ललितपुर। दुष्कर्म के एक मामले में प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 14,500 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला 26 अक्टूबर 2026 को अपर जिला एवं सत्र न्यायालय द्वारा सुनाया गया। मामले में बानपुर पुलिस, कोर्ट पैरोकार और अभियोजन पक्ष ने प्रभावी पैरवी की। बानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम वीर निवासी सुजान सिंह पुत्र कैलाश सिंह यादव के विरुद्ध थाना बानपुर में वर्ष 2020 में मुकदमा अपराध संख्या 42/2020 दर्ज किया गया था। अभियुक्त के खिलाफ आईपीसी की धारा 452, 376, 323, 504 और 506 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने वैज्ञानिक एवं तथ्यपरक साक्ष्यों के आधार पर जांच पूरी करते हुए अभियुक्त के विरुद्ध आरोपपत्र न्यायालय में प्रेषित किया था। डीजीपी लखनऊ के निर्देशन तथा एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देश पर जनपद में चिन्हित अभियोगों में अपराधियों को शीघ्र और अधिक से अधिक सजा दिलाने के लिए प्रभावी पैरवी की जा रही है।

एक नवंबर को लगेगा मेगा सेवा सहायता शिविरः ललितपुर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष राजीव कुमार-तृतीय के दिशा-निर्देशन में एक नवंबर 2026 को कल्याण सिंह सभागार में मेगा/वृहद सहायता एवं सेवा शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर की तैयारियों को लेकर विभागीय स्तर पर कार्य तेज कर दिया गया है।

फर्जी ऑनलाइन शॉपिंग, आकर्षक ऑफर्स के झांसे और ओटीपी व यूपीआई पिन साझा न करने की अपील

साइबर ठग न लगा दें सेंध, पुलिस ने जारी किया जागरुकता पोस्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

त्योहारों के दौरान ऑनलाइन खरीदारी, डिजिटल भुगतान और आकर्षक ऑफर्स का इस्तेमाल बढ़ जाता है। इसी का फायदा उठाकर साइबर ठग लोगों को अपने जाल में फंसाने की कोशिश करते हैं। लोगों की मेहनत की कमाई को साइबर अपराधियों से सुरक्षित रखने और आमजन को ऑनलाइन धोखाधड़ी के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला पुलिस ने विशेष जागरूकता पोस्टर तैयार किया है। इस पोस्टर के माध्यम से पुलिस ने नागरिकों को त्योहारों की शुभकामनाएं देने के साथ ही साइबर अपराधों से बचने के लिए सतर्कता बरतने की अपील की है। जिला पुलिस द्वारा तैयार किए गए पोस्टर में पुलिस का लोगो, त्योहारों की शुभकामनाएं, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और साइबर ठगी से बचाव के महत्वपूर्ण उपाय प्रदर्शित किए गए हैं। पोस्टर के जरिए लोगों को संदेश दिया गया है कि त्योहारों की खरीदारी और ऑनलाइन लेन-देन के दौरान छोटी-सी लापरवाही भी आर्थिक नुकसान का कारण बन सकती है। इसलिए किसी भी ऑनलाइन ऑफर, भुगतान संबंधी संदेश या अनजान व्यक्ति द्वारा भेजे गए लिंक पर भरोसा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच जरूर करें।

फर्जी ऑफर्स व ऑनलाइन शॉपिंग के नाम पर ठगी

त्योहारों के अवसर पर सोशल मीडिया और विभिन्न ऑनलाइन माध्यमों पर भारी छूट, सस्ते सामान, आकर्षक उपहार और विशेष ऑफर्स के विज्ञापन दिखाई देते हैं। साइबर अपराधी कई बार इन्हीं माध्यमों का इस्तेमाल कर फर्जी वेबसाइट या ऑनलाइन शॉपिंग पेज तैयार करते हैं। कम कीमत पर सामान उपलब्ध कराने का लालच देकर लोगों से अग्रिम भुगतान करा लिया जाता है, लेकिन भुगतान के बाद न तो सामान मिलता है और न ही संबंधित व्यक्ति से संपर्क हो पाता है। ऐसे में पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान वेबसाइट या संदिग्ध ऑनलाइन विक्रेता से खरीदारी करने से पहले उसकी विश्वसनीयता की जांच करें। केवल आकर्षक छूट देखकर भुगतान करने से बचें और आधिकारिक वेबसाइट या विश्वसनीय प्लेटफॉर्म का ही उपयोग करें। डिजिटल भुगतान के बढ़ते चलन के बीच साइबर ठग लोगों को फोन करके बैंक



अधिकारी, ग्राहक सेवा प्रतिनिधि या किसी प्रतिष्ठित संस्था का कर्मचारी बताकर गोपनीय जानकारी हासिल करने का प्रयास करते हैं। कई बार कैशबैक, इनाम, बैंक खाता अपडेट करने या भुगतान प्राप्त करने का झांसा देकर ओटीपी और यूपीआई पिन मांगा जाता है। पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि नागरिक अपना ओटीपी, यूपीआई पिन, बैंक खाते से जुड़ी गोपनीय जानकारी और अन्य संवेदनशील विवरण किसी के साथ साझा न करें। बैंक या किसी अन्य संस्था का प्रतिनिधि होने का दावा करने वाले व्यक्ति पर भी आंख मूंदकर भरोसा न करें।

अनजान लिंक व संदिग्ध क्यूआर कोड से रहें दूर

पुलिस ने लोगों को अनजान लिंक पर क्लिक करने और संदिग्ध क्यूआर कोड स्कैन करने से भी बचने की सलाह दी है। साइबर अपराधी कई बार फर्जी पुरस्कार, बिजली बिल भुगतान, बैंक खाता बंद होने की चेतावनी, नौकरी या अन्य लाभ का लालच देकर लिंक भेजते हैं। इन पर क्लिक करने से व्यक्ति की निजी जानकारी चोरी होने या आर्थिक नुकसान होने का खतरा रहता है। इसी तरह, क्यूआर कोड के माध्यम से भुगतान करते समय भी सावधानी जरूरी है। किसी से पैसा प्राप्त करने के नाम पर यूपीआई पिन डालने की जरूरत बताई जाए, तो सतर्क हो जाएं। भुगतान करने से पहले स्क्रीन पर प्रदर्शित प्राप्तकर्ता के नाम और राशि की पुष्टि अवश्य करें।

साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 पर करें कॉल

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति के साथ ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी हो जाती है, तो घबराने या देर करने के बजाय तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। इसके साथ ही भारत सरकार के आधिकारिक साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे बड़ा उपाय

जिला पुलिस के इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य नागरिकों को यह समझाना है कि साइबर अपराध से बचाव के लिए तकनीकी जानकारी के साथ सतर्कता भी जरूरी है। त्योहारों के दौरान ऑनलाइन खरीदारी करते समय विश्वसनीय प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करें, किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर मोबाइल में संदिग्ध एप डाउनलोड न करें और अपनी निजी जानकारी सुरक्षित रखें। किसी भी संदेश या ऑफर पर संदेह होने पर पहले उसकी पुष्टि करें। पुलिस की अपील है कि नागरिक स्वयं जागरूक बनें और परिवार के सदस्यों, विशेषकर बुजुर्गों तथा ऑनलाइन लेन-देन की कम जानकारी रखने वाले लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें, ताकि साइबर ठग किसी की मेहनत की कमाई पर हाथ साफ न कर सकें।

ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से सीबीआई जांच की मांग

कूनो संघर्ष समिति ने ज्ञापन सौंपकर उठाए चीतों की सुरक्षा पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कूनो नेशनल पार्क के जिस चीता के शव का पोस्टमार्टम करने पर शरीर से निकली बंदूक की गोली को अंतरराष्ट्रीय तस्करो की करतूत बताते हुए कूनो संघर्ष समिति ने गुरुवार को इस पूरे मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। जिसमें वनों के भीतर वन माफिया की हो रही बेखटक आमो-दरफ्त होने को भी निशाने पर लिया गया है, जो बड़ी बात है। अगर जांच का केंद्र बिंदु वनमाफिया पर ही केंद्रित रखा जाए तो चीते के शिकार का षडयंत्र उजागर हो सकता है।

कूनो संघर्ष समिति के संयोजक एवं कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अतुल चौहान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहले बाइको से रैली निकाल कर स्टेडियम तक पहुंचे और वहां से पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट तक गए कार्यकर्ताओं के हाथों में विभिन्न अखबारों के समाचारों वाली तख्तीयां थी और चीता की फोटो भी लगी हुई थी। कलेक्ट्रेट पहुंच कर कार्यकर्ताओ ने पहले धरना दिया बाद में राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा, जिसमें उल्लेख किया गया है कि, अंतरराष्ट्रीय 'प्रोजेक्ट चीता' भारत सरकार का एक महत्वाकांक्षी और अंतरराष्ट्रीय स्तर का चीता संरक्षण प्रोजेक्ट है। कूनों राष्ट्रीय उद्यान में चीते की गोली मारकर हत्या किया जाना राष्ट्रीय सुरक्षा, प्रबंधन और वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गहरा धब्बा है। स्थानीय वन अमले की नाकामी व लापरवाही श्योपुर जिले एवं कूनो सामान्य वन मंडल क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। पूर्व में भी इस क्षेत्र से शिकार किए गए 10 से अभिक तेंदुओं की खालें आगरा (उत्तर प्रदेश) में बरामद हो चुकी हैं, जो शिकारियों के एक बड़े और अंतरराष्ट्रीय / अंतरराज्यीय नेटवर्क की उपस्थिति को दर्शाती हैं। ज्ञापन प्रदर्शन में योगेश जाट, अय्यूब कुरैशी, रमेश गोयल, अशोक गोयल, डॉ कमल शर्मा,अनवर बालापुरी, कैलाश गर्ग,बाबूलाल मीणा,राम सिंह मीणा,मांगीलाल सुमन, रज्जाक अहमद, पीयूष शिवहरे, राजू वैष्णव, सखावत खान, बृजेश योगी, इन्दर चौहान, नासिर खान, मलखान बैरवा, वाहिद खान,इमरान खान, मुरारी लाल प्रजापति, गज्जू सुमन,प्रकाश आदिवासी,महावीर सुमन,रज्जाक खान, हनीफ खान,रामलाल रजक सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

वन माफिया के आने जाने पर उठाए सवालिए निशान

राष्ट्रपति को सौपे ज्ञापन में वन माफिया के संरक्षित क्षेत्र में आने जाने पर चिंता जताई गई जो बड़ी बात है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वनों के कटाई करने वाले लोग वनों के भीतर घुसकर अपने काम को अंजाम दे रहे हैं और वन विभाग आंख बंद किए बैठा हुआ है। वन संपदा को चोरी कर ले जाने वाले भी आसानी से वनों का चप्पा चप्पा छान रहे हैं। इन्हीं के बीच में से कोई शिकारी हो सकता है जो वन विभाग से साठगांठ कर इस तरह शिकार को अंजाम दे रहा होगा। अतुल चौहान ने बताया कि यह कोई पहला अवसर नहीं है जब कूनो के वन्यजीव का शिकार हुआ हो। इससे पहले भी 10 तेंदुआ की खाल यूपी के आगरा में पकड़ी गई थी तस्करो ने खुलासा था कि यह सभी खाले कूनो के भीतर शिकार कर मारे गए तेंदुए की है। आश्चर्य की बात तो यह है कि अगर यूपी की पुलिस उक्त तस्करों को नहीं पकड़ती तो कूनो प्रशासन और श्योपुर वन विभाग को तो कानो कान खबर तक नहीं मिलती।

एसआईटी करेगी खानापूर्ति, सीबीआई करे जांच

ज्ञापन में चीता के शिकार की जांच एसआईटी के बजाए सीबीआई से कराने की मांग की गई है। कूनो संघर्ष समिति का कहना है कि स्थानीय जांच एजेंसियों या एसआईटी से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच संभव नहीं है। इस अंतरराष्ट्रीय महत्व के मामले में शिकारियों और माफियाओं के पूरे सिंडिकेट का पर्दाफाश करने के लिए इस पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई से कराई जाए।

तीन सूत्रीय मांगें

चीते की हत्या एवं वन्यजीव तस्करी के पूरे नेटवर्क की जांच सीबीआई को सौंपी जाए। कूनों राष्ट्रीय उद्यान एवं श्योपुर वन क्षेत्र में हुई घोर लापरवाही के लिए जिम्मेदार वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। श्योपुर जिले में अवेध रूप से काटे गए जंगलों और भू-माफियाओं के खिलाफ उज्यस्तरीय जांच कर सख्त कदम उठाए जाएं।

श्रद्धाभाव के साथ मना करवा चौथ का पर्व

सुहागन महिलाओं ने चंद्रमा को अर्घ्य देकर मांगा अखंड सुहाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



अखंड सौभाग्य और पति की मंगलकामना के लिए सुहागिन महिलाओं ने गुरूवार को करवा चौथ का निर्जला व्रत रखा और चंद्रमा को अर्घ्य देकर अखंड सुहाग की कामना की। महिलाओं ने सुहागिन के जोड़े में सज-धजकर विधिवत पूजा अर्चना कर चंद्रमा को अर्घ्य दिया और छलनी में पहले चंद्रमा और बाद में पति की सूरत निहारकर व्रत तोड़ा। शास्त्रों के अनुसार करवा चौथ का व्रत रखने वाली महिलाओं के पति दीर्घायु होते हैं। पति की दीर्घायु की कामना के लिए महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखा। करवा चौथ की तैयारियां महिलाओं ने एक दिन पहले ही कर ली थी। सुबह सूर्योदय से पहले ही उठकर महिलाओं ने इस व्रत की तैयारियां शुरू कर दी। दिनभर महिलाएं निर्जला रही और शाम को विधिवत पूजा अर्चना और कहानी सुनने के बाद चंद्रमा के अर्घ्य दिया। व्रत रखने वाली महिलाओं ने पहले चलनी से चांद, फिर पति को देखा,इसके बाद पति द्वारा करवे से पानी पिलाने के बाद व्रत तोड़ा करवाचौथ का उत्साह नई नवेले जोड़ों में अधिक रहा। घर की सभी सुहागनों ने यह त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। शहर सहित जिलेभर में यह पर्व पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

बोर्ड परीक्षाओं के लिए 37 परीक्षा केंद्र प्रस्तावित,मांगें सुझाव व दावे-आपत्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल अंतर्गत हाई स्कूल एवं हायर सैकेण्डरी की बोर्ड परीक्षाओं के लिए जिला चयन समिति द्वारा प्रस्तावित 37 परीक्षा केन्द्रों का अनुमोदन किया गया है। प्रस्तावित सूची पर पालक, शिक्षक एवं छात्रो के सुझाव तथा दावे-आपत्तियां आमंत्रित की गई है। डीईओ यश जैन ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों में सम्मिलित शालाओं की सूची केन्द्रवार कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी श्योपुर, बीईओ कार्यालय श्योपुर, कराहल, विजयपुर तथा एसडीएम कार्यालय श्योपुर, विजयपुर, कराहल के सूचना पटल पर चस्पा की गई है। उक्त परीक्षा केन्द्रों के संबंध में सुझाव एवं दावे-आपत्तियां तीन दिवस के भीतर कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी श्योपुर पर उपस्थित होकर प्रस्तुत किये जा सकते है। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले दावे-आपत्तियों पर विचार नही किया जायेगा।

डीईओ ने बताया कि नियमित विद्यार्थियों के लिए 35 तथा स्वध्यायी छात्रों के लिए 02 परीक्षा केन्द्र प्रस्तावित किये गये है। नियमित विद्यार्थियों के लिए प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रो में शासकीय गर्ल्स हायर सैकेण्डरी स्कूल श्योपुर, शासकीय मॉडल हायर सैकेण्डरी स्कूल श्योपुर, सरस्वती विद्या मंदिर श्योपुर, अशासकीय अल्फा इंग्लिश हाई स्कूल श्योपुर, शासकीय अनुसूचित जनजाति कन्या शिक्षा परिसर ढेगदा, शासकीय आदर्श आवासीय विद्यालय ढेगदा, शासकीय मिडिल स्कूल सोईकलां, शासकीय हायर सैकेण्डरी स्कूल ढोढर, अशासकीय जगदम्बा हायर सैकेण्डरी स्कूल ढोढर, शासकीय मिडिल स्कूल प्रेमसर, शासकीय हाईस्कूल ननावद, शासकीय हायर सैकेण्डरी स्कूल मानपुर, शासकीय हायर सैकेण्डरी स्कूल गिरधरपुर, शासकीय मिडिल स्कूल दांतरदा कला, शासकीय हायर सैकेण्डरी स्कूल बडौदा, अशासकीय राजीव गांधी हायर सैकेण्डरी स्कूल बडौदा, अशासकीय सरस्वती ज्ञान मंदिर हायर सैकेण्डरी स्कूल बडौदा, शासकीय उत्कृष्ट हायर सैकेण्डरी स्कूल कराहल, शासकीय मॉडल हायर सैकेण्डरी स्कूल कराहल, शासकीय मिडिल स्कूल बरगवा, शासकीय मिडिल स्कूल सेंसईपुरा, शासकीय मिडिल स्कूल पहेला, शासकीय हायर सैकेण्डरी स्कूल आवदा, शासकीय मिडिल स्कूल आवदा, शासकीय उत्कृष्ट हायर सैकेण्डरी स्कूल विजयपुर, शासकीय गर्ल्स हायर सैकेण्डरी स्कूल विजयपुर, शासकीय मिडिल स्कूल श्यामपुर, शासकीय हायर सैकेण्डरी स्कूल वीरपुर, अशासकीय श्री लीलाधर आदर्श विद्या मंदिर वीरपुर, शासकीय हायर सैकेण्डरी स्कूल गसवानी, अशासकीय सिद्धी विनायक डीएलएड कॉलेज गसवानी, शासकीय मिडिल स्कूल अगरा, शासकीय अम्बिका हायर सैकेण्डरी स्कूल इकलौद, शासकीय हाईस्कूल इकलौद, शासकीय मिडिल स्कूल इकलौद शामिल है। स्वध्यायी विद्यार्थियों के लिए प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों में शासकीय उत्कृष्ट हायर सैकेण्डरी स्कूल श्योपुर एवं शासकीय हायर सैकेण्डरी मॉडल स्कूल विजयपुर शामिल है। इसके अलावा 04 परीक्षा केन्द्र रिजर्व में रखे गये है, जिनमें अशासकीय माधवराव सिंधिया कान्वेट हायर सैकेण्डरी स्कूल श्योपुर, शासकीय गर्ल्स हाई स्कूल कराहल, अशासकीय जीनियस एकेडमी विजयपुर, अशासकीय गणेश पब्लिक स्कूल विजयपुर शामिल है।

12.26 करोड रुपए की लागत से होगा 7 सड़कों का पुनर्निर्माण, मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले की सात सड़कों के पुनर्निर्माण के लिए 12 करोड 26 लाख रूपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस संबंध में कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना अंतर्गत विभाग द्वारा इनके पुर्ननिर्माण हेतु प्रस्ताव भेजे गये थे। उल्लेखनीय है कि पीएमजीएसवाय योजना के तहत पूर्व में निर्मित यह सडके रेलवे प्रोजेक्ट तथा अन्य विकास निर्माण कार्यो के चलते हैवी ट्रेफिक के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थी, इन सडको के पुनर्निर्माण हेतु 12 करोड 26 लाख 03 हजार रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

पीएमजीएसवाय के महाप्रबंधक सतेन्द्र चौहान ने बताया कि सात सडको के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी गई है, जिनकी टेण्डर प्रक्रिया जारी है, इन सडको के पुर्ननिर्माण से क्षेत्रीय ग्रामीणों को आवागमन सुलभ होगा। जिन सडके के पुनर्निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है, उनमें मेवाडा से चकबमूलिया लम्बाई 5.90 किलोमीटर लागत 1 करोड 91 लाख 2 हजार, धीरोली से फूलदा लम्बाई 7.21 किलोमीटर लागत 1 करोड 93 लाख 24 हजार, श्योपुर पाली रोड से भीकापुर लम्बाई 4.30 किलोमीटर लागत 1 करोड 36 लाख 11 हजार, शिवपुरी श्योपुर रोड से कैरका सरजुपूरा लम्बाई 12.80 किलोमीटर लागत 3 करोड 63 लाख 86 हजार, धौरीबावडी से दूबावली लम्बाई 5.10 किलोमीटर लागत 97 लाख 06 हजार, गोरस टेटरा रोड से धौरीबावडी लम्बाई 2.87 किलोमीटर लागत 67 लाख 21 हजार, टेटरा गोरस रोड से रघुनाथपुर लम्बाई 7.65 किलोमीटर लागत 1 करोड 77 लाख 53 हजार शामिल है। सडक निर्माण के पैकेज में संबंधित एजेंसी द्वारा आगामी 5 साल तक के सडक संधारण कार्य को भी शामिल किया गया है।

न्यायालय परिसर में लगी बोर की केबल काटकर भाग रहे दो चोर पकडे

श्योपुर। जिले में केबल चोरो का दुस्साहस कितना बढता जा रहा है,इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा रहा है कि बुधवार गुरूवार की दरमियानी रात को केबल चोर जिला न्यायालय परिसर में लगी बोर की केवल काटने के लिए पहुंच गए। बताया जा रहा है कि केबल चोरो ने बोर की करीब 200 फीट केबल काट ली और उसे लेकर भागने ही वाले थे,तभी न्यायालय के रात में ड्यूटी करने वाले सुरक्षा गार्डो ने उन्हें पकड लिया और कोतवाली थाना पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि पकडे गए केबल चोरो ने अपने नाम अमन जंगल निवासी पापूजी मोहल्ला तथा गुरप्रताप बैरवा निवासी श्योपुर बताया है। उनके कब्जे से केबल जब्त कर ली गई है। इस मामले में न्यायालय के भृत्य बबलू आदिवासी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

युवक की फांसी लगाने से मौत

श्योपुर। शहर के वार्ड क्रमांक 14 कमालखेडली में गुरूवार की दोपहर को रामलखन माहौर पुत्र नैनकराम माहौर ने संदिग्ध परिस्थितियो के बीच अपने घर में फांसी लगा दी। जिससे उसकी मौत हो गई। फिलहाल रामलखन के द्वारा फांसी लगाने के कारणों का पता नहीं चला है,लेकिन पुलिस ने मर्ग दर्ज कर इसकी जांच शुरू कर दी है।

बड़ौदा में जनसंवाद कार्यक्रम आज

श्योपुर। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश की जनता को मिलने वाली जनकल्याणकारी रोजगार मूलक योजनाओं का लाभ उन्हें घर बैठे मिले और समस्याओं का शतप्रतिशत निराकरण हो इस उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शिविर के क्रम में शुक्रवार को बड़ौदा नगर परिषद में शिविर आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देशन में 30 अक्टूबर को नगरपरिषद बडौदा में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान अंतर्गत आयोजित होने वाले जनसंवाद कार्यक्रम में विभिन्न वार्डो के नागरिक शामिल होंगे। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान उद्यम संवाद, यशस्वी संवाद तथा इंफ्लुएंसर संवाद भी आयोजित होंगे।

ट्रैक्टर और बाइक की भिडंत में दो की मौत,एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कराहल थाना क्षेत्र स्थित करियादेह रोड पर बुधवार की शाम को एक ट्रैक्टर और बाइक की भिडंत में दो लोगो की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। कराहल थाना पुलिस ने इस मामले में एक्सीडेंट का मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। कराहल थाना पुलिस के मुताबिक ग्राम बांकुरी निवासी अजय आदिवासी बुधवार को अपने पिता मोहन आदिवासी और 2 साल के बेटे के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर से कराहल अस्पताल जा रहा था। क्योंकि डिलीवरी के लिए उसकी पत्नी कराहल स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती थी। तभी बडे तालाब के पास सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर से उसकी बाइक भिड गई। इस भिडंत के दौरान बाइक सवार मोहन आदिवासी और अजय आदिवासी दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें तत्काल कराहल अस्पताल से कोटा के लिए रैफर कर दिया गया। कोटा पहुंचने के दौरान मोहन आदिवासी 45 वर्ष की मौत हो गई। इधर बाइक को टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर भी असंतुलित होकर पलट गया और उसमें दबकर ट्रैक्टर चालक अशोक पुत्र लितरू जाटव उम्र 35 साल निवासी खिरखिरी की मौत हो गई।

दुर्घटना ने खोली पुलिस और खनिज विभाग की व्यवस्था की पोल

चोरी छिपे तस्करी किए जा रहे सफ़ेद सोने का काला कारोबार उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



राजस्थान से अवैध रूप से परिवहन कर लाई जाने वाली बनास नदी की रेत का काला कारोबार किसी से छिपा नहीं है। सफेद सोना बोले जाने वाली इस रेत के खेल में नेता और अफसरों की साठगांठ के आरोप गाहेबगाहे लगते रहते हैं। लेकिन पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी हर आरोप को नकारते भी रहे हैं।

समय-समय पर व्यवस्था चाक चौबंद बताने के उद्देश्य से फोटो वीडियो भी सोशल मीडिया पर डलवाए जाते रहे हैं। लेकिन उनकी इस चाक चौबंद निगरानी की पोल गुरुवार को उस समय खुल गई जब एक ट्रैक्टर ट्रॉली जिसमें बनास नदी की रेत भरी हुई थी तेज गति से दौड़ती हुई सड़क पर पलट गई जिससे चोरी छुपे हो रहे रेत का अवैध खेल सड़क पर उजागर हो गया। जिसका वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर दिनभर वायरल कर लोगों ने पुलिस, प्रशासन और खनिज विभाग को खूब ट्रोल किया।

एनएच 552 पर ग्राम बगडुवा के पास गुरुवार की सुबह रेत से भरी एक ट्राली सड़क पर पलट गई दरअसल बनास नदी से भरकर लाई जाने वाली रेत कहीं और ले जाई जा रही थी लेकिन ट्रॉली का एक्सल टूट जाने से ट्राली पलट गई जो रेत ट्रॉली में थी मजबूरी में उसे वही खाली करना पड़ा जब तक दूसरी ट्रॉली लाकर भरी गई तब तक लोगों ने खूब फोटो खींचकर और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिए। ज्ञात हो कि बनास नदी राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में है और पाली पुल पारकर इस रेत को जिले में लाया जाता है जहां से जिले के अलावा क्षेत्र के अलावा ग्वालियर मुरैना और राजस्थान के बारा मांगरोल तक परिवहन किया जा रहा है। इसे रोकने के लिए जहां पुलिस निगरानी बढ़ाने का दावा कर रही है वही कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देश पर अतिरिक्त नाके भी लगाए गए हैं। खनिज विभाग ऐसे अवैध परिवहन को पकड़ने के लिए लाखों रुपए का डीजल अपनी गाड़ियों में भ्रमण के नाम पर फूंक रहा है। वन विभाग भी समय-समय पर कार्रवाई करता तो है लेकिन उस पर भी अब ले देकर इस तस्करी में शामिल होने के आरोप लगने लगे हैं। कुल मिलाकर व्यवस्थाओं के चाक चोबंद होने के दावे कितने भी कर लो लेकिन कहीं ना कहीं गलती से पोल खुल ही जाती है।

ससुस की बैठक में उठा सड़क किनारे झाडियां ऊगने और शोल्डर क्षतिग्रस्त होने का मामला

कलेक्टर ने कहा सड़क किनारे उगी झाडियों की सफाई और क्षतिग्रस्त शोल्डर की मरम्मत कराए, ईई बोले शुरू करा दिया काम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले के कई सडक मार्गो के किनारे झाडियो के ऊगने और शोल्डर क्षतिग्रस्त होने से उत्पन्न हुआ सडक दुर्घटनाओ के खतरे का मामला गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित सडक सुरक्षा समिति की बैठक में उठा। बैठक के दौरान कलेक्टर शीला दाहिमा ने गंभीरता दिखाते हुए बैठक में मौजूद सडक निर्माण करने वाले विभागो के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा उपरांत अपनी-अपनी सडको का रख-रखाव सुनिश्चित किया जाये और सभी सडको के किनारे झाडियों, घास आदि की सफाई का कार्य किया जायें तथा क्षतिग्रस्त शॉल्डर की मरम्मत कराई जायें,ताकि सडक दुर्घटना का बना खतरा दूर हो सके। कलेक्टर के निर्देश के बाद लोक निर्माण विभाग श्योपुर के ईई अनिल पटेल ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा श्योपुर-खातौली मार्ग, बनडी पहुंचमार्ग, राधापुरा पहुंचमार्ग, पाण्डोला-राडेप मार्ग, सेसई-विजयपुर मार्ग तथा इकलौद पहुंचमार्ग पर झाडियों की सफाई और मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। यहां बता दें कि सडक किनारे झाडियो के उगने और शॉल्डरो के क्षतिग्रस्त होने का मामला विगत 14 अक्टूबर के अंक में हरीभूमि ने उठाते हुए इस संबंध में एक समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया था। वहीं सरपंच संगठन की ओर से भी इस संबंध में कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपकर इस दिशा में गंभीरता दिखाते हुए जाने का आग्रह किया था तथा इस समस्या का समाधान जल्द न किए जाने पर हाईकोर्ट में जनहित याचिका लगाए जाने की चेतावनी दी थी।



सडक दुर्घटना में मृत्यु के मामलों में कमी

कलेक्टर शीला दाहिमा ने बैठक के दौरान कहा कि सडक सुरक्षा समिति में लिये गये निर्णय अनुसार सुरक्षा उपाय सुनिश्चित कर सडक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे है, इसी के चलते सडक दुर्घटना में मृत्यु के मामलो में कमी आई है। वर्ष 2025 में जहां 70 लोगों की सडक दुर्घटना में मृत्यु हुई थी, वर्ष 2026 में इस प्रकार के प्रकरणो में कमी आई है और सडक दुर्घटना में 54 व्यक्तियों की मृत्यु के प्रकरण सामने आये है। उन्होंने सभी वाहन चालको से अपील की है कि नियंत्रित गति के साथ वाहनों का संचालन करे तथा नशे में ड्राइव करने से बचे। घनी आबादी वाले क्षेत्रों तथा सडक मोड तथा तिराहों और चैराहों वाले स्थानों पर धीमी गति से वाहन चलाये।

एनएच के नाले कनेक्ट करें, ईको सेंटर तिराहे पर प्रकाश की व्यवस्था करें

सडक सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान कलेक्टर शीला दाहिमा ने यह भी निर्देश दिए कि एनएच-552 अंतर्गत सिटी पोर्सन एवं अन्य स्थानों पर बनाये गये नालों को जल निकासी के लिए कनेक्ट किया जायें, नगरपालिका क्षेत्र में निर्मित हुए इन नालों की कनेक्टिविटी के अपूर्ण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण किया जायें। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न सडक मार्गो पर स्थित तिराहों और चैराहों के दृष्टि सुलभ स्थानों पर संकेतक, चेतावनी बोर्ड तथा सूचना पटल लगाये जायें।एनएच-552 अंतर्गत ईको सेंटर तिराहा स्थित बायपास मार्ग पर बंद स्ट्रीट लाइटो को सुचारू करते हुए प्रकाश की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायें। कलेक्टर ने कहा कि सडक निर्माण एजेंसियां पुलिस प्रशासन से ब्लैक स्पोट वाले स्थानों की सूची प्राप्त कर क्रश बैरियर लगाने सहित अन्य उपयुक्त उपाय सुनिश्चित करते हुए परिवहन को सुरक्षित करें। नोनपुरा घाटी में संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए भी एमपीआरडीसी द्वारा उपयुक्त उपाय सुनिश्चित किये जायें। उन्होंने एमपीआरडीसी के अधिकारियों को निर्देश दिये कि यातायात प्रभारी श्री संजय राजपूत के साथ संयुक्त रूप से गोरस-पोहरी तक सडक मार्ग का अवलोकन करें और जहां भी ब्लैक स्पोट है, वहां पर संकेतक लगाये जाये। इसके अलावा सडक पुर्ननिर्माण कार्य होने तक मरम्मत योग्य स्थानों की मरम्मत कराई जाकर वैकल्पिक रूप से यातायात को सुगम बनाया जाये। कलेक्टर ने सुगम परिवहन के लिए सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु गौशालाओं के माध्यम से पशुधन प्रबंधन करने के निर्देश भी दिये। इसके साथ ही उन्होंने बडौदा के बागर चैराहे पर यातायात को सतत रूप से सुगम बनाने हेतु आवश्यक उपाय किये जाने के निर्देश भी दिये। बैठक में यातायात प्रभारी संजय राजपूत ने जानकारी दी कि श्योपुर शहर में प्रातः 07 बजे से रात्रि 10 बजे तक भारी वाहनों की नो-एंट्री लागू की गई है, इस संबंध में सभी प्रमुख स्थानों पर सूचना बोर्ड भी लगा दिये गये है।

दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



आदिम जाति कल्याण विभाग के स्कूल स्तर की दो दिवसीय राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का गुरुवार को संपन्न हो गए। इस दौरान विजेता खिलाड़ियों को समारोह आयोजित कर पुरस्कार बांटे गए। ज्ञात हो कि बुधवार को इस प्रतियोगिता का शुभारंभ सांसद शिवमंगल सिंह तोमर द्वारा किया गया था। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पूरब, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण चारों अंचलों से 150 के करीब आदिवासी छात्र खिलाडियो ने भागीदारी की।शबुधवार और गुरुवार को आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में लंबी रेस, 100 मीटर, 200 मीटर, 400मीटर, 600 मीटर, ऊंची कूद, लंबी कूद, चक्का फेंक प्रतियोगिता, में खिलाड़ियों ने अपने जौहर दिखाएं बुधवार को जिन टीमों और व्यक्तिगत रूप से खिलाड़ी सेलेक्ट हुए हैं उनके बीच गुरुवार को फिर प्रतियोगिता आयोजित कराई गई और बाद में पुरस्कार वितरण किया गया।

जगह की कमी को लेकर मोहरी स्टेडियम की मांग, ज्वांइट डायरेक्टर ने निरीक्षण किया

अशोकनगर कृषि उपज मंडी में मक्का की 40000 बोरी माल की आवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला मुख्यालय पर कृषि उपज मंडी में मक्का की रिकॉर्ड तोड़ आवक हो रही है। 40000 बोरी माल की आवक आने के बाद मंडी में जगह की कमी पड़ गई है। हालत यह है कि किसानों को कृषि उपज मंडी में अपने ट्रैक्टर ट्राली खड़ा करने की जगह भी नहीं मिल रही है। जिसे लेकर मंडी प्रशासन ने मांग की है कि जो मंडी के बगल में मोहरी स्टेडियम खाली पड़ा है, उस स्थान को ट्रैक्टर ट्राली खड़ा करने के लिए मंडी प्रशासन को उपलब्ध कराया जाए ताकि जो ट्रैक्टर ट्राली स्टेडियम में खड़ी होगी उनकी नीलामी बोली भी वहीं की जा सके।



मंडी में मक्का के दाम 2500 प्रति क्विंटल

इससे पहले 2 वर्षों में मोहरी स्टेडियम में ट्रैक्टर ट्राली लगाने की सुविधा दी गई थी लेकिन इस वर्ष अभी तक यह सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है जिसके कारण मंडी में किसानों को अपने ट्रैक्टर ट्राली या तो बेतरतीबी से खड़ा करना पड़ रही है या फिर जगह की तलाश करना पड़ रही है। अशोकनगर कृषि उपज मंडी के सचिव प्रेम सिंह मीणा ने बताया कि मंडी में इन दिनों आने वाले किसानों को मक्का के दाम 2500 प्रति क्विंटल के मिल रहे हैं। इस बार किसानों को मक्का में दाम अच्छे मिलने से उनके चेहरों पर मुस्कुराहट है। हालत यह है कि मंडी में रिकॉर्ड तोड़ होने के कारण मंडी को आय भी अच्छी हो रही है।

मंडी की आय गत वर्ष से 215 प्रतिशत अधिक

मंडी सचिव ने बताया कि मंगलवार को मंडी में आवक का आंकड़ा 1 अक्टूबर से 26 अक्टूबर के बीच 19 लाख 21474 पर पहुंच गया। जबकि गत वर्ष यह आय 6 लाख 93984 थी। इस वर्ष 215 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो अब तक का एक रिकॉर्ड है। आने वाले दिन मंडी में आएगी बंपर आवक के होंगे, मंडी में अगर आवक की बात करें तो अब तक मक्का की आवक 21773 क्विंटल हो चुकी है जबकि सोयाबीन की 5573 क्विंटल हुई है गेहूं की आवक 5000 क्विंटल हुई है हुई है। अशोकनगर जिला मुख्यालय पर इस समय दो मंडियां है एक पुरानी मंडी काम कर रही है और एक नई मंडी काम कर रही है स्थिति यह है कि व्यापारियों के पास नई मंडी में फड़ों की संख्या कम है जिसके कारण कई व्यापारी अपने माल को पुरानी मंडी में ले जाकर फड़ पर तोल करा रहे हैं। जिसके कारण एक मंडी से दूसरे मंडी जाने वाले मार्ग पर रास्ता बंद हो जाता है।

सचिव मंडी में ट्रैक्टर ट्रॉली लगवाते हुए देखे गए

मंडी सचिव द्वारा मौके पर पहुंचकर सभी ट्रैक्टर ट्रॉलियों को व्यवस्थित लगाया जा रहा है और जब भी किसी किसान की समस्या आती है तो उसकी मौके पर निराकरण किया जा रहा है। कृषि उपज मंडी के संयुक्त जॉइंट डायरेक्टर डीके शर्मा मंडी बोर्ड के निर्देश पर अशोकनगर मंडी का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बताया कि मंडी बोर्ड से आदेश मिले हैं संभाग में जितने भी स्थान पर मंडियां काम कर रही है उन सभी स्थानों पर मंडियो में किसान और व्यापारियों को कोई समस्या नहीं होना चाहिए कोई भी समस्या आ रही है तो उसका निराकरण किया जाए। उसकी जांच पड़ताल करने यहां पर आए हैं और मंडी के अधिकारियों के साथ चर्चा की है यहां पर मंडी का काम बेहतर होना पाया गया है।

गल्ला व्यापारियों ने ज्वाइंट डायरेक्टर से मुलाकात की

इस दौरान ग्रैन मर्चेंट एसोसिएशन की ओर से भी पदाधिकारियों अशोक जैन अध्यक्ष और सचिव राजेश पॉलीवाल ने उनसे मुलाकात की। इस दौरान उन्हें बताया कि मंडी में धर्म कांटे से जो माल की तौल की जाती है वह 90 किलो के हिसाब से होती है और तुलावटों द्वारा एक क्विंटल के पैसे मांगे जाते हैं इसलिए इस व्यवस्था को सही किया जाए। क्योंकि मैन्युअल कांटे पर भी 90 किलो ही चलता है इसी तरह मंडी में तुलावटो नई भर्ती की जाए आज भी दो मंडी होने के बाद कुछ तुलावटों की संख्या 125 है। 10 साल से मंडी में तुलाटवों की नई भर्ती नहीं हुई है जिसके कारण 125 तुलावट दोनों मंडियां संभाल रहे हैं। उनको एक व्यापारी के यहां से दूसरे व्यापारी के यहां जाना पड़ता है जिससे समय लगता है। धर्मकांटे से खुलकर आने वाले माल के लिए भी इंतजार करना पड़ता है तब जाकर मशीन पर पर्ची निकल पाती है। ऐसी व्यवस्था की जाएगी तो तुलावटों का इंतजार न करना पड़े और व्यापारी के मुनीम द्वारा उसको चढ़ा दिया जाए इस तरह की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया। जिस पर उन्होंने तत्काल प्रभाव से कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

साइबर अपराधियों के अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश

2 आरोपियों से कार, लैपटॉप, मोबाइल, सिम कार्ड बैंकिंग किट, एटीएम कार्ड व आधार कार्ड बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

थाना प्रभारी नईसराय उपनिरीक्षक आशुतोष गुप्ता ने एक संगठित अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए आरोपियों के कब्जे एवं उनकी निशानदेही पर अपराध में प्रयुक्त अनेक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बैंकिंग दस्तावेज, सिम कार्ड, लग्जरी कारें एवं अन्य संदिग्ध सामग्री जब्त की है। पुलिस की इस कार्यवाही से देश के विभिन्न राज्यों में सक्रिय साइबर ठगी एवं संदिग्ध बैंक खातों के माध्यम से वित्तीय लेन-देन करने वाले नेटवर्क के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही में अपराध में प्रयुक्त एवं आरोपियों से संबंधित 2 लग्जरी कारें, बड़ी संख्या में मोबाइल फोन, लैपटॉप, दूरसंचार में प्रयुक्त मेन पैक सेट, एयरटेल एवं बीएसएनएल के सैकड़ों यूज्ड एवं अनयूज्ड सिम कार्ड, एयरटेल पेमेंट बैंक एवं फिनो पेमेंट बैंक सहित विभिन्न बैंकों की खाता संबंधी वेलकम किट, एटीएम/डेबिट कार्ड, आधार कार्ड, अन्य पहचान संबंधी दस्तावेज तथा नगदी सहित भारी मात्रा में संदिग्ध सामग्री जब्त की गई है। जब्त सामग्री एवं दस्तावेजों की विस्तृत जांच की जा रही है, जिससे इनके वास्तविक उपयोग, वित्तीय लेन-देन तथा संभावित साइबर अपराधों से संबंधों का पता लगाया जा सके।

व्यक्तियों के दस्तावेजों से बैंक खाते खुलवाकर बेचने का आरोप: प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि गिरोह के सदस्य अन्य व्यक्तियों के आधार कार्ड एवं पहचान संबंधी दस्तावेजों का दुरुपयोग कर बैंक खाते खुलवाने तथा उन खातों को अन्य लोगों को उपलब्ध कराने/बेचने के माध्यम से संदिग्ध वित्तीय लेन-देन में संलिप्त थे। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि इन बैंक खातों का उपयोग किन-किन साइबर अपराधों में किया गया तथा इनके माध्यम से कितनी राशि का लेन-देन हुआ है। साथ ही, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज शिकायतों एवं अन्य राज्यों से प्राप्त होने वाले संभावित आपराधिक संबंधों की भी जांच की जा रही है।

पुलिस बनकर 30 लाख रुपये ठगी की योजना का भी किया खुलासा

गिरफ्तार आरोपी छोटू उर्फ चंद्रपाल पुत्र हरि सिंह यादव, निवासी ग्राम पिपरौदा कला, थाना कैंट, जिला गुना तथा दीपक पुत्र रामदयाल ओझा, निवासी नानाखेड़ी, जिला गुना से पुलिस रिमांड पर की जा रही पूछताछ में एक अन्य गंभीर घटनाक्रम की जानकारी सामने आई है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्होंने ग्राम रुसल्ली निवासी रंजीत यादव एवं अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर आगरा निवासी राजू उर्फ पवन से लगभग 30 लाख रुपये ठगने की योजना बनाई थी। इस योजना के तहत पुलिस बनकर राजू उर्फ पवन को पकड़ा गया था तथा रुपयों के सेटलमेंट को लेकर बातचीत चल रही थी। इसी दौरान नईसराय पुलिस की टीम द्वारा दबिश दिए जाने के कारण कथित योजना सफल नहीं हो सकी। आरोपियों ने यह भी बताया कि उक्त घटनाक्रम में टाटा नेक्सॉन सहित दो अन्य कारें शामिल थीं, जिनमें से कारों में सवार कुछ व्यक्ति पुलिस की कार्यवाही के दौरान मौके से फरार हो गए। आरोपियों के अनुसार, उनके साथ आए कुछ व्यक्तियों के पास पुलिस विभाग में प्रयुक्त होने वाले मेन पैक सेट थे तथा वाहनों पर पुलिस का मोनोग्राम लगा हुआ था, जिससे वे वास्तविक पुलिसकर्मियों जैसे प्रतीत हो रहे थे। पुलिस द्वारा इन तथ्यों की जांच की जा रही है तथा फरार व्यक्तियों, वाहनों और कथित रूप से पुलिस का रूप धारण कर किए गए कृत्यों के संबंध में साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, डिजिटल सर्विलांस एवं फील्ड स्तर पर प्राप्त जानकारियों के आधार पर कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा उनकी निशानदेही पर विभिन्न प्रकार की संदिग्ध सामग्री जब्त की। गिरफ्तार आरोपियों से गिरोह के अन्य सदस्यों, संदिग्ध बैंक खातों, वित्तीय लेन-देन, साइबर अपराधों से संबंधित शिकायतों तथा अंतरराज्यीय नेटवर्क के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। प्रकरण में सामने आने वाले तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

मंडी से मक्का बेचकर घर लौट रहे किसान की ट्रैक्टर ट्रॉली बीच रास्ते में बने कुए में गिरी

नीचे दबने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम लखेरी निवासी मुकेश पुत्र शिवशंकर योगी दो युवकों के साथ मंडी में फसल बेचकर अपने घर वापस लौट रहा था, तभी सहोदरी और लखेरी के बीच सड़क के पास बने कुए में ट्रेक्टर ट्राली गिर गई। इस घटना में दो लोग घायल हो गए, जबकि एक युवक की मौत हो गई। घटना के बारे में बताया गया है कि मण्डी में फसल बेचने के बाद मुकेश अपने दो साथियों गब्बू जोगी उम्र 27 साल और अरबिंद जोगी उम्र 25 साल के साथ ट्रेक्टर ट्राली से घर लौट रहे थे, ट्रेक्टर के पीछे एक ट्राली लगती है लेकिन इस ट्रेक्टर के पीछे एक ट्राली तो लगी थी ही एक ओर ट्राली पीछे लगा रखी थी। जिस जगह से यह ट्रेक्टर गुजर रहा था, वहां अचानक ट्रेक्टर सड़क किनारे बने कुए में जा गिरा।



घटना की जानकारी मिलने के बाद देहात पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची, यह घटना रात की होने के कारण अंधेरे में रेसक्यू करने में समस्या आ रही थी। इस घटना में ट्रेक्टर ट्राली निकालने के लिए क्रेन की मदद ली गई, जिससे कुए के अंदर से ट्रेक्टर ट्राली को देर रात तक बाहर निकाला गया। इस घटना में मुकेश जोगी की मौत हो गई है जबकि शेष दो युवक घटना के दौरान कूंदकर अपनी जान बचाने में सफल हो गए। इस तरह के कुए सड़कों के किनारे जिन जिन मार्गों पर बने हैं, वह रास्ते से निकलने वाले वाहनो के लिए मौत का कारण बने हैं, इन पर शख्त कार्यवाही की जाना चाहिए।

प्रस्फुटन समितियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

दस्तावेजीकरण संस्था का आधार होता है, प्रत्येक समिति को करना आवश्यकः नंदराम कुशवाहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था अंजनी जन कल्याण संस्थान समिति द्वारा प्रताप वार्ड स्थित संस्था कार्यालय में मंडी बामोरा सेक्टर की प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम धंसरा, ग्राम सनाई, ग्राम इटैया, ग्राम मंडी बामोरा, ग्राम एरन की समितियो के सदस्यों ने क्षमता वर्धन प्रशिक्षण में भाग लिया।

मध्य प्रदेश जन अभियान के ब्लॉक समन्वयक नीरज शर्मा ने मध्य प्रदेश जन अभियान के उद्देश्य को विस्तार से बताया। प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर कार्य को विस्तार से समझाया। संस्था अध्यक्ष नंदराम कुशवाहा ने सभी सदस्यों को दस्तावेजीकरण के विषय की जानकारी दी। उन्होंने कहा दस्तावेजीकरण संस्था का आधार होता है। प्रत्येक समिति को दस्तावेजीकरण करना आवश्यक है।



प्रशिक्षण लेने वाले सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में संग्राम सिंह ठाकुर, वीर सिंह ठाकुर, महाराज सिंह ठाकुर, नंदलाल सिंह ठाकुर, नरेश दुबे, नंदराम प्रजापति, शांति बाई ठाकुर, प्रियंका ठाकुर, सीताराम कुशवाहा, रामदयाल सेन, रज्जू आदिवासी, मीराबाई प्रजापति, राजू पाल आदि बड़ी संख्या में समिति के सदस्य एवं नवांकुर सखी उपस्थिति रही।

पुलिस ने महिला की हत्या के 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

थाना बहादुरपुर पुलिस ने महिला की हत्या के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए तीनों आरोपियों को मात्र 2 घंटे में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। उल्लेखनीय है कि 27 अक्टूबर 2026 को फरियादी संतराम अहिरवार, निवासी ग्राम गोराचक्क की रिपोर्ट पर पुरानी रंजिश को लेकर उसकी मां गायत्री बाई अहिरवार के साथ मारपीट एवं कुल्हाड़ी से सिर पर वार करने से हुई मृत्यु के मामले में थाना बहादुरपुर में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम ने तत्परता से आरोपियों की तलाश करते हुए मुखबिर सूचना के आधार पर प्रकरण के आरोपी सीताराम अहिरवार, उम्र 48 वर्ष, आकाश अहिरवार, उम्र 25 वर्ष एवं काशीबाई अहिरवार, उम्र 46 वर्ष सभी निवासी ग्राम गोराचक्क, थाना बहादुरपुर, जिला अशोकनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। प्रकरण के शेष आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।



मुंगावली में चक्काजाम करने वाले दो दर्जन अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर

अशोकनगर। 26 अक्टूबर को कस्बा मुंगावली में पुराने थाने के सामने कुछ लोगों द्वारा शव को मुख्य मार्ग पर रखकर चक्काजाम किया गया था। पुलिस द्वारा संबंधित लोगों को बार-बार समझाइश दी गई कि मामले में जांच उपरांत नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी, इसके बावजूद उनके द्वारा चक्काजाम जारी रखा गया। इससे मुख्य मार्ग पर यातायात बाधित हुआ तथा आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ा। साथ ही आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित हुईं। उक्त घटना के संबंध में प्राप्त शिकायत पर थाना मुंगावली में दो दर्जन अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस द्वारा वीडियो के आधार पर चक्काजाम में शामिल व्यक्तियों की पहचान की जाकर उनके विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। अशोकनगर पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी घटना या विवाद के संबंध में अपनी शिकायत एवं मांगों को विधिसम्मत तरीके से पुलिस-प्रशासन के समक्ष रखें। कानून-व्यवस्था एवं यातायात बाधित न करें तथा पुलिस-प्रशासन द्वारा की जा रही वैधानिक कार्यवाही में सहयोग करें।

खिमलासा में बनी डबरी में मिला कंजिया निवासी युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

खिमलासा नईबस्ती नेमा बावड़ी के पास बनी डबरी में कंजिया निवासी एक युवक का शव मिला है। जो दो-तीन दिन से लापता था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक का पीएम कराने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी अनुसार 2 दिन से लापता कंजिया निवासी 27-28 वर्षीय रामगोपाल यादव का शव गुरुवार की सुबह 8:30 बजे स्थानीय लोगों ने देखा और पुलिस को सूचना दी।



सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पानी से बाहर निकाल कर मर्ग कायम किया गया इसके बाद शव का खुरई सिविल अस्पताल में पीएम कराने के बाद परिजनों को सुपुर्द किया गया।

खिमलासा थाना प्रभारी राधेश्याम पटेल ने बताया कि मृतक शराब दुकान पर काम करता था। गुरुवार को सुबह मृतक का शव मिला है। जिसका पीएम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही घटना का सही पता चल सकेगा। फिलहाल मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

कन्या हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य बने राजेश शर्मा



अशोकनगर। अशोकनगर शहर का एक मात्र कन्या हायर सेकंडरी स्कूल जिसमें शहर की व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से पढ़ने के लिए आने वाली छात्राओं जिनकी संख्या लगभग 1200 के वीच होंगी जिसमें विद्यालय में प्राचार्य के रिक्त पद पर वरिष्ठ कार्यालय द्वारा राजेश शर्मा क़ो प्राचार्य बनाया गया है। जिन्होंने स्कूल पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए सभी स्टॉफ से मुलाक़ात की नवीन स्टॉफ से परिचय किया तथा सभी से अपने दिए गए दायित्वों का बिद्यालय हित में अपने कर्तव्यों का पालन सुनिश्चित करने क़ो कहा बिद्यालय परिवार के समस्त स्टॉफ सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।

कलेक्टर ने शाढौरा मंडी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय ने बुधवार को भ्रमण के दौरान तहसील शाढौरा कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडी संचालन की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि मंडी में उपज की नीलामी प्रातरू 11 बजे से प्रारंभ की जाए। साथ ही तौलकांटों का भौतिक सत्यापन नापतौल विभाग से कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि मंडी में आने वाली ट्रेक्टर ट्रॉलियों का विधिवत रजिस्ट्रर संधारित किया जाए। कृषि उपज मंडी समिति शाढ़ौरा जी. एस. बैरवा द्वारा तहसील शाढ़ौरा के किसानों को सूचना दी गई है कि वर्तमान कृषि उपज मंडी शाढौरा जिला अशोकनगर परिसर में उपज की नीलामी की जाती थी। वर्तमान में मक्का उपज के 700-800 ट्रेक्टर ट्रॉली की आवक होने से मंडी परिसर में स्थान की कमी हो रही है। साथ ही मंडी परिसर के पास रेल्वे क्रॉसिंग फाटक एवं तोल कांटे होने से जाम की स्थिति पैदा होती है। किसानो की सुविधा एवं मंडी नीलामी को व्यवस्थित करने की दृष्टि से नीलामी सिध्द बाबा की पठार नईसराय-फरदाई रोड पर चिन्हांकित किया गया है। सभी किसान बंधु अपने ट्रैक्टर ट्रॉली सिध्द बाबा की पठार पर अपने-अपने ट्रैक्टर ट्रॉली एवं वाहन खड़ा करेंगे। नीलामी सिध्द बाबा की पठार पर दिनांक 29 अक्टूबर से निरंतर चालू रहेगी। नीलामी समय सुबह 12 बजे से रहेगा।



जिले के चारों विखं से 200 से अधिक कलाकारों ने कार्यक्रम में सहभागिता की

जिला स्तरीय युवा उत्सव आयोजन में प्रतिभाओं ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित 30वां जिला स्तरीय युवा उत्सव का कार्यक्रम बुधवार को अपर कलेक्टर डी.एन. सिंह के मुख्य आतिथ्य में रघुवंशी धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर कलेक्टर डीएन सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। युवा उत्सव के शुभारंभ अवसर पर अपर कलेक्टर ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी विधाओं में प्रतिभागी अपनी अपनी विद्या में बेहतर प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। प्रतिभाओं को मंच पर लाने की आवश्यकता होती है। सभी बच्चे अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करें। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश ने कहा कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा लगातार प्रतिवर्ष युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। युवा उत्सव में विभिन्न



विधाओं में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इन कार्यक्रमों में स्थानीय लोक संस्कृति को प्रोत्साहित किया जाता है। प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर जाकर अपना नाम रोशन करें। कार्यक्रम में प्रथम प्रस्तुति राव माधव हायर सेकंडरी स्कूल छात्राओं द्वारा लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

सांस्कृतिक युवा उत्सव के अंतर्गत लोकगीत, लोकनृत्य, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला एवं कहानी लेखन की विधाओं में जिले के युवाओं कलाकारों ने मधुर प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की तालियां बटोरी। इस अवसर पर जिले के चारों विकास खंडों से लगभग 200 से अधिक युवा कलाकारों ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की। समापन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश, शिक्षा विभाग से एनीस जैन, श्रेया कंडोला जिला युवा अधिकारी द्वारा विजेता प्रतिभागियों एवं टीमों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।लोकगीत में नेहरू महाविद्यालय प्रथम शक्ति ग्रुप द्वितीय एवं सांदीपनि विद्यालय महिदपुर तृतीय रहे। वहीं लोक नृत्य में राव माधव हायर सेकेंडरी ने प्रथम, सांदीपनि विद्यालय महीदपुर ने द्वितीय एवं पीएमश्री धुर्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नुक्कड़ नाटक में राव माधव हायर सेकेंडरी स्कूल प्रथम, नेहरू डिग्री कॉलेज में द्वितीय एवं एसपीएस विद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला में नेहा रघुवंशी, प्रबल शर्मा एवं अर्चित जैन धर्मशाला, प्रथम द्वितीय एवं तृतीय रहे एवं कविता लेखन में सृष्टि परिहार,गौरव राठौर,साक्षी पटवा ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग से वीरेंद्र कुमार, हर्षा झारिया, रेनू ओझा, राजेश कुशवाहा, मनीषा दुबे, राहुल सिसोदिया ने सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया। निर्णायक के रूप में अन्नपूर्णा सिसोदिया, राजेंद्रजैन, अंकिता निगम, रश्मि रघुवंशी, रंजना गोस्वामी,प्रियंका जैन, निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे व मोहित शर्मा सांदीपनि विद्यालय पिपरई, तान्या गांधे सांदीपनि विद्यालय अशोकनगर से, ललित कंटोडे सांदीपनि विद्यालय थूबोन, रिशा अंसारी सांदीपनि विद्यालय महिदपुर से उपस्थित रहे।